**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरुवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या- 21 का उत्तर**

| | | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 21 | (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 में हवाई यातायात हेतु एयर पोर्ट संचालित हैं? | जी हाँ। |
| | (ख) | यदि हाँ, तो कितने एयर पोर्ट से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ाने होती हैं, और कितने एयरपोर्ट पर राष्ट्रीय उड़ाने होती हैं, उनका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित एयरपोर्ट्स से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानें होती हैं:-<br>1. लखनऊ<br>2. वाराणसी<br>उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित एयरपोर्ट्स से राष्ट्रीय उड़ानें होती हैं:-<br>1. लखनऊ<br>2. वाराणसी<br>3. गोरखपुर<br>4. प्रयागराज<br>5. आगरा<br>6. कानपुर<br>7. बरेली<br>8. कुशीनगर<br>9. हिण्डन (वर्तमान में उड़ानें स्थगित हैं) |
| | (ग) | क्या कुछ एयर पोर्ट निर्माणाधीन हैं? | जी हाँ।<br>• जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर में नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट का विकास सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) पर कराया जा रहा है। प्रथम चरण का कार्य सितम्बर, 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।<br>• जनपद अयोध्या स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का कार्य राज्य सरकार के सहयोग से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है। विकास कार्य तीन चरणों में प्रस्तावित है। प्रथम चरण का कार्य गतिमान है, जो अक्टूबर, 2023 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। नागर विमानन महानिदेशालय, भारत सरकार से एयरोड्रोम लाइसेन्स प्राप्त होने के बाद यह एयरपोर्ट उड़ानों हेतु उपलब्ध हो जाएगा। |

- जनपद अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट स्थित हवाई पट्टियों को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अन्तर्गत नो-फ्रिल्स एयरपोर्ट्स के रूप में विकसित किया गया है। उड़ानों हेतु एयरोड्रोम लाइसेन्स के लिए नागर विमानन महानिदेशालय, भारत सरकार में आवेदन किया गया है। एयरोड्रोम लाइसेन्स प्राप्त होने के बाद उक्त एयरपोर्ट्स उड़ानों हेतु उपलब्ध हो जायेंगे।
- म्योरपुर (सोनभद्र) हवाई पट्टी का विकास कार्य नो-फ्रिल्स एयरपोर्ट के रूप में प्रशस्त है।
- जनपद सहारनपुर के सरसावा एयरबेस पर नए सिविल इन्क्लेव का विकास कार्य राज्य सरकार के सहयोग से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है।
- जनपद आगरा स्थित एयरपोर्ट पर नए सिविल इन्क्लेव का विकास कार्य राज्य सरकार के सहयोग से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।
- जनपद ललितपुर स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया है। एयरपोर्ट के विकास हेतु भूमि क्रय की कार्यवाही प्रशस्त है।

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | यदि हाँ, तो उन्हें पूरा करने व उन पर उड़ान के लिए समय सीमा सुनिश्चित करायेगें? | उपर्युक्तानुसार |
| (ड.) | यदि हाँ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार |
| (च) | यदि नहीं तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्य मंत्री**